एक रु. 100 Rs. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BA 219137

ट्रस्ट का घोषणा पत्र

स्टाम्प शुल्क–800/–रूपये

इस ट्रस्ट की घोषणा **श्री श्रीचन्द शर्मा पुत्र स्व० श्री चमनलाल शर्मा एवं श्री सुरेश चन्द शर्मा पुत्र स्व० श्री चमनलाल शर्मा निवासी ग्राम व पोस्ट धूममानिकपुर ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्ध नगर** जो कि इस ट्रस्ट के संस्थापक हैं द्वारा आज दिनांक– 21/5/2012 ई0 को घोषित किया गया।

श्री श्रीचन्द शर्मा एवं श्री सुरेश चन्द शर्मा जिन्होंने जन–जन में शिक्षा के प्रचार–प्रसार को अपने जीवन का लक्ष्य कायम कर इस हेतु शिक्षण संस्थाओं की स्थापना, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, विधिक शिक्षा व चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु नवयुवकों व नवयुवतियों के प्रशिक्षण व शोध करने हेतु उन्होंने प्रयास किये हैं और उनके परिवार की भी रुचि इस नेक व जनकल्याणकारी कार्य में है, जिसे मूर्त रूप प्रदान करने हेतु एक न्यास की स्थापना उनके द्वारा निम्नलिखित रूप में की जा रही है। लिहाजा यह ट्रस्टडीड बखुशी राजी खूब सोच–समझकर लिखा दिया कि सनद रहे और समय पर काम आवे।

प्रारम्भ में ट्रस्ट की स्थापनार्थ ट्रस्ट के उपरोक्त संस्थापक ने ट्रस्ट को नगद धनराशि रूपये 11,000.00 शब्देन ग्यारह हजार रूपया दान में आज प्रदान कर दिया है।

1. ट्रस्ट का नाम	केशव माधव शिक्षण संस्थान, ग्राम धूममानिकपुर, गौतमबुद्ध नगर।